## संक्षिप्त

### अमृत महोत्सव का शुभारंभ आज से

उदयपुर (कासं)। शहर के आरके पुरम, गिरिजा व्यास पेट्रोल पंप के पीछे श्रीनाथ नगर,साईं अपार्टमेंट के पास में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन बुधवार से प्रारंभ होकर 9 दिसंबर तक होगा। संगीतमय कथा का वाचन प्रसिद्ध कथाव्यास पुष्कर दास महाराज करेंगे। कार्यक्रम संयोजक विठ्ठल वैष्णव ने बताया 3 दिसंबर को प्रात: 10 बजे मंशापूर्ण महादेव मंदिर से पोथी एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी जो विभिन्न मार्ग से होती हुई कथा स्थल तक पहुंचेगी द्य सभी महिलाएं लाल चूंदडी पहनकर कलश धारण करेगी। पुरुष भजन कीर्तन के साथ यात्रा में सम्मिलित होंगे। यह कथा अब तक की कथाओं से भिन्न होगी जिसमें आध्यात्मिकताएसंस्कार ओर भक्ति का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। नरेंद्र वैष्णव ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा का आयोजन रहेगा। कथा में विशेष आकर्षण विश्व विख्यात डॉ चित्रसेन एवं टीम द्वारा 31 फीट भव्य मंच की विहंगम चित्रकारी जिसमे शंखए चक्रए गधा पद्म का प्रस्तुतीकरण होगा।

### हत्यारों का 6 दिन बाद भी खुलासा नहीं

डूंगरपुर। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 48 पर आमझरा के पास एक युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस छह दिन बाद भी कोई खुलासा नहीं कर पाई है। इस घटना के विरोध में मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले का जल्द खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने मृतक संजय डोडा को न्याय दिलाने की अपील की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोखला निवासी संजय डोडा अपने घर से 25 नवंबर की शाम को निकला था,जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। पुलिस को नेशनल हाईवे 48 पर आमझरा में एक युवक का शव पडे होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सर्विस रोड के पास एक गड्ढे में शव बरामद किया। युवक की पहचान संजय डोडा के रूप में हुई। परिजनों ने संजय की हत्या का आरोप लगाया है। घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा मामले का खुलासा नहीं किए जाने से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण बोखला सरपंच के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मामले का खुलासा कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की।

### कौशल एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन

उदयपुर, (कासं)। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर में राज्य सरकार के शाइजिंग राजस्थान अभियानके तहत महाविद्यालय के कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के नांदी फाउंडेशन के सहयोग से रोजगार कौशल एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हसीना चक्की वाला, सीईओ क्वालिटी मार्बल एक्सपोर्ट्स एवं कोषाध्यक्ष यूसीसीआई उपस्थित थी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आज का समय ए आई और उद्यमिता का है। छात्राएं स्वयं का अध्ययन प्रारंभ करें और रोजगार के लिए एआई में कुशलता हासिल करें। इस अवसर पर कार्यत्र्कम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोण् दीपक माहेश्वरी ने छात्राओं से कहा कि प्रशिक्षण सीखने के बाद उसका अभ्यास जारी रखें।
सडक हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत

### वाहन चालक टक्कर मारने के बाद फरार

डूंगरपुर। रामसागडा थाना क्षेत्र के जालुकुआ गांव में सोमवार रात एक अज्ञात वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो ड्राइवर सुरेश डामोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार,जालुकुआ निवासी सुरेश डामोर सोमवार रात सवारियों को जालुकुआ छोडकर अपने घर लौट रहा था। जालुकुआं स्कूल के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसके ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया और सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुरेश को तुरंत एक निजी वाहन से गामडी अहाडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे 1०8 एम्बुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सुरेश डामोर को मृत घोषित कर दिया। युवक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

# ‘शिक्षक ही वो शिल्पकार है जो भावी पीढ़ी व व्यक्तित्व का निर्माण करता है’

- सांस्कृतिक साहित्यिक व खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज
- संगति, अनुशासन और संस्कृति, निखारते हैं व्यक्तित्व को : सारंगदेवोत



उदयपुर में शिक्षा, नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यपाल के सलाहकार एवं पूर्व कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी का सम्मान किया गया।

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूल प्रतियोगिता का आगाज मंगलवार को महाविद्यालय के खेल मैदान पर अतिथियों द्वारा संस्था का झण्डारोहरण किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में शिक्षा एवं नावाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्व कुलपति एवं राज्यपाल के सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी का कु लपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने माला, उपरणा, पगड़ी, स्मृति चिन्ह् एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रो. सोडाणी ने कहा कि शिक्षक ही वो शिल्पकार है जो देश की भावी पीढी एवं व्यक्तित्व का निर्माण करता है। देश की प्रतिभा को जागृत करने की जिम्मेदारी उसी की है। आज हमारे देश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के महाविद्यालय है और उसे बनाने वाला शिक्षक है। देश का राष्ट्र निर्माता एवं प्रगति का आधार स्तम्भ ही शिक्षक है। आज हमारे आईआईटी विद्यार्थियों की मांग विदेशों में बढ़ी है और इस वर्ष 62 प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी पुरी तरह ज्ञान आधारित है जिसमे पास अधिक ज्ञान होगा वही राज करेगा। नई शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को स्वाध्याय, अनुशासन, विज्ञान, तकनीकी व खेलों को जीवन में अपनाकर आधुनिक और आत्मनिर्भर बनने का आव्हान किया। उन्होने कहा कि विद्यापीठ ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता का आधार पर देश ही विदेशों में भी अपनी ख्याति अर्जित की है जिसका श्रेय यहॉ के कुलपति एवं कार्यकर्ताओं को जाता है। शिक्षा ही विश्वविद्यालय की रीढ की हड्डी है अगर वो वोटिवेशन के साथ काम करते है तो उनकी ताकत दस गुना बढ जाती है उसी के अनुपात में विवि आगे बढती है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एसएस. सारंगदेवोत ने कहा कि प्रो. सोडाणी पिछले 50वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान कर रहे है और जो निरंतर जारी है। विद्यापीठ की विकास यात्रा में भी डॉ. सोडाणी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होने कहा कि जीवन की विकास यात्रा में सुसंगत जरूरी है उसी के आधार पर व्यक्ति का जीवन तर जाता है। ज्ञानवान संगति जीवन को प्रकाशित करती है।

प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि समग्र विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा आयोजित सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेना जरूरी है जिससे शरीर, स्वस्थ एवं तंदुरस्त रहेगा। खेल से टीम भावना से काम करने, नेतृत्व क्षमता व धैर्यता के साथ आगे बढने की क्षमता विकसित होती है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले कार्यत्र्कम में मेहंदी, एकाभिनय, विचित्र वेषभूषा, आशुभाषण, रंगोली, युगल एवं समूह नृत्य, फेस पेंटिंग, काव्य पाठ, मांडना, नेल आर्ट, विदाउट गैस कुकिंग, प्रश्नोत्तरी, एकल गीतद्नृत्य तथा मिस्टर एवं मिस चयन सहित विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी।

खेल प्रभारी डॉ. रोहित कुमावत ने बताया कि खेलकूद इवेंट्स - कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, 100, 200, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, तश्तरी फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक आदि प्रतियोगिताएँ छात्र, छात्राओं की पृथक श्रेणियों में होंगी। कार्यक्रम में प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. बीएल श्रीमाली, डॉ. अमीत बाहेती, डॉ. निवेदिता, डॉ. बबीता रशीद, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. हरीश चौबीसा, डॉ. अमित दवे, डॉ. हरीश मेनारिया सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया जबकि आभार डॉ. रचना राठौड ने जताया।

## छात्र उद्यमिता व रचनात्मकता उत्सव का आगाज

उदयपुर, (का.स.)। छात्र उद्यमिता और रचनात्मकता उत्सव आगाज प्रबंधन अध्ययन संकाय, सुखाडयिा विश्वविद्यालय, में हुआ। उद्घाटन समारोह में एमएसएमई के निदेशक गणेश, रजिस्ट्रार वी.सी. गर्ग, शीर्षक प्रायोजक एन.एस. जैन और अक्षत जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनका स्वागत निदेशक एवं अध्यक्ष प्रो. मीरा माथुर और पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. हनुमान प्रसाद ने किया।

इस आयोजन का नेतृत्व और समन्वय एमबीए प्रथम वर्ष की टीम ने किया,जिसमें तरुण सोनी, जगदीश सिंह, निधीश जैन, परम दशरथ, वरुण नेभनानी, मोक्ष जैन, ऋषभ जैन, कशिश राजपाल, भूमि बडाला और श्रेया दलाल शामिल थे, जिन्होंने पूरे दिन सुचारू योजना और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया। छात्रों द्वारा उद्यमशीलता के विचारों, पाक रचनात्मकता और नवीन अवधारणाओं को प्रदर्शित करते हुए कुल 14 स्टॉल लगाए गए थे। हाउस ऑफ टोफा ने पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद मिट्टी और मोरे दूसरे स्थान पर और बेकफ्लुएंट तीसरे स्थान पर रहे। रचनात्मक श्रेणी में, हंग्री अड्डा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि दिल से डेजर्ट और रब - राजस्थानी ऑथेंटिक ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण पूरे आयोजन स्थल की सजावट थी - जिसे पूरी तरह से छात्रों द्वारा संकल्पित और त्रियान्वित किया गया था। थीम वाले तत्वों, हस्तनिर्मित प्रतिष्ठानों, रचनात्मक फोटो कोनों और एक जीवंत रंग पैलेट के साथ, यह स्थान सौंदर्य संबंधी सुंदरता और युवा कल्पना को दर्शाता है।

## गोगुंदा इलाके में फिर दिखा लेपर्ड का विचरण, ग्रामीणों में भय

उदयपुर, (का.स.)। उदयपुर के गोगुंदा के पास एक गांव में रात को कार सवार लोगों को एक लेपर्ड सडक पर जाते दिखा। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया। लेपर्ड रोड क्रॉस कर दूसरी तरफ चला गया। यह मामला 30 नवंबर की रात का है।

लेपर्ड उदयपुर जिले के सायरा थाना क्षेत्र के नांदेशमा और ढोल रोड पर दो भाइयों को दिखा। वहां पर चामुंडा माता मंदिर से आगे महादेव मंदिर के पास मुख्य सडक पर लेपर्ड टहलता हुआ नजर आया। यह दृश्य उदयपुर के बडगांव निवासी शैलेश श्रीमाली ने अपने मोबाइल से लेपर्ड का वीडियो बना लिया।शैलेश अपने भाई नयन श्रीमाली के साथ गोगुंदा से अपने गांव बडगांव लौट रहे थे, तब उनको रोड किनारे एक लेपर्ड दिखाई दिया। लेपर्ड काफी दूरी तक सडक पर चलता रहा और कार में सवार भाई पीछे से उसका वीडियो बनाते रहे। लेपर्ड वहां से आगे बढते हुए मुख्य सडक के एक छोर से दूसरे छोर तक चल गया और उसके बाद वह जंगल की तरफ चला गया।स्थानीय ग्रामीण मुकेश श्रीमाली ने बताया कि इस मार्ग पर लेपर्ड को कई बार देखा गया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों में दशहत बढ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में सुरक्षा बढाने की मांग की है।

आपको बतादें कि गोगुंदा और सायरा के जंगल लेपर्ड से आबाद हैं। सायरा में पहले भालू ज्यादा थे लेकिन पिछले कुछ समय से लेपर्ड का मूवमेंट बढ गया है। पिछले दिनों गोगुंदा व सायरा क्षेत्र में दो लेपर्ड की आपस में लडाई हुई थी। अलग.अलग जगह दो लेपर्ड की मौत भी हो गई थी।इसके अलावा इस क्षेत्र में कुछ दिनों पहले ही एक लेपर्ड वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गयाए तो एक लेपर्ड की सडक हादसे में मौत हो गई थी।

बता दें कि गोगुंदा से लेकर बडगांव तक के इलाके में फैले जंगल में पिछले साल लेपर्ड के हमलों से करीब 11 लोगों की जान गई थी। जयपुर से लेकर बाहर से टीमें यहां आई थी। करीब एक महीने से ज्यादा समय तक ऑपरेशन चला था। आखिर में मदार तालाब के वहां पर लेपर्ड को गोली मारी गई थी। इसके बाद वहां पर लेपर्ड के हमले रुके थे।

## यूरिया की कालाबाजारी व जमाखोरी करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश

- सीमावर्ती इलाकों में चेक पोस्ट पर बढ़ाई निगरानी
- अधिक यूरिया बेचने वालों और बार-बार खरीदने वालों पर रहेगी पैनी नजर

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश में यूरिया वितरण को लेकर आ रही खबरों के बीच किसानों को मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने तथा जमाखोरी व कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार एक्शन मोड पर है। सरकार ने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना जारी कर कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार ने कृषकों को मांग के अनुसार समय पर और सहजता से उर्वरक उपलब्ध कराने के साथ-साथ जमाखोरी व कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल ने सभी प्रदेश के सभी कृषि अधिकारियों को उर्वरक वितरण के उचित प्रबंधन, निगरानी और शिकायत निवारण को लेकर जारी कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार अतिरिक्त निदेशक कृषि को अधीनस्थ जिलों की ब्लॉकवार उर्वरकों की मांग, आपूर्ति एवं उपलब्धता की नियमित जानकारी कृषि आयुक्तालय को भेजने की हिदायत दी गई है। वहीं सीमावर्ती राज्यों से सटे इलाकों में स्थापित चेकपोस्ट और बैंक पोस्ट के माध्यम से कड़ी निगरानी रखने के लिए भी पाबंद किया गया है, ताकि जमाखोरी, कालाबाजारी, टैगिंग, अवैध भंडारण, परिगमन तथा अनुदानित उर्वरकों के गैर-कृषि उपयोग को रोका जा सके। दोषियों के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985/1986 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला-स्तरीय आकलन में सीमावर्ती जिलों में रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया की खपत में वृद्धि सामने आने पर प्रशासन को अतिरिक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## ओरिएंटेशन व स्वागत सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न

उदयपुर। पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बीडीएस बीडीएस सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए पाँच दिवसीय ओरिएंटेशन और स्वागत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक संरचना, सुविधाओं और कार्य-प्रणाली से परिचित कराना, प्रेरणादायक और सहयोगात्मक माहौल प्रदान करना था।

एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और मेहनत, अनुशासन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य के अवसरों के बारे में भी प्रेरणादायक जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम के इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.गौरव भारद्वाज ने कहा कि यह स्वागत सप्ताह विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें न केवल संस्थान की शैक्षणिक संरचना से परिचित कराता है, बल्कि उन्हें एक सशक्त और प्रेरणादायक माहौल में अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। मैं आशा करता हूँ कि आप सभी इस नए सफर को पूरी मेहनत, समर्पण और उत्साह के साथ अपनाएँगे। पीएमयू के डॉ. एम. एम. मंगल, पीएमसीएच के प्रिसिंपल डॉ.यू.एस.परिहार एवं डीन रिसर्च स्टडीज डॉ.आर.के.पालीवाल ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## फरार होटल संचालक गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले की सागवाडा थाना पुलिस ने सागवाडा नगर में होटल संतोष में वैश्यावृत्ति के मामले में फरार चल रहे होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले 12 दिन से फरार चल रहा था। पुलिस ने पूर्व में होटल में वैश्यावृत्ति करते हुए 5 महिलाओं व एक मैनेजर को गिरफ्तार किया था।

इस अवसर पर सागवाडा थाने के सीआई ने बताया कि 2० नवम्बर को पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में डीएसटी व सागवाडा थाना पुलिस ने सागवाडा नगर में होटल संतोष पर कार्रवाई की थी। इस दौरान टीम ने बोगस ग्राहक बनाकर होटल में वैश्यावृत्ति के धंधे का भंडाफोड किया था। पुलिस ने होटल से वैश्यावृत्ति करते हुए स्थानीय 5 महिलाओं के साथ एक मैनेजर को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, होटल संचालक जोगपुर निवासी भरत पाटीदार फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी होटल संचालक की तलाश कर रही थी,लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी भरत पाटीदार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पुलिस पूछताछ का रही है।

## ‘सभी को साथ लेकर चलना प्राथमिकता’



रघुवीर सिंह मीणा ने देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार संभाला।

उदयपुर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ष्संगठन सृजन अभियानष् के अंतर्गत उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद रघुवीर सिंह मीणा की नियुक्ति होने पर मगलवार को रघुवीर सिंह मीणा द्वारा पदभार ग्रहण किया गया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस निवर्तमान प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि सबसे पहले प्रातः 11.15 बजे के शुभ मुहूर्त पर सूरजपोल स्थित उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूजन कर निवर्तमान अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा को पदभार सौंपा गया। पदभार ग्रहण कर रघुवीर सिंह मीणा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। रघुवीर सिंह मीणा ने उपस्थिति पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे नहीं बल्कि आप सभी को सौंपा है। शीर्ष नेतृत्व ने यह संदेश दिया है कि पार्टी के आदेश के बाद सभी को एक जाजम पर बैठकर सभी के साथ काम करना है। मीणा ने कहा कि मैने सरपंच बनकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करी उसके बाद विधायक बना फिर कांग्रेस पार्टी ने मुझे मंत्री भी बनाया साथ ही पीसीसी में राजस्थान युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद पर भी रहा। उसके बाद पीसीसी उपाध्यक्ष भी बना। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने मुझे सांसद सदस्य बनकर दिल्ली भी भेजा उसके बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सर्वोच्च कमेटी सीडब्ल्यूसी सदस्य भी बनाया और अब मुझे उदयपुर देहात जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया।

मीणा ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अलग.अलग राज्यों में कई बडे पदों पर रहे नेताओं को जिला अध्यक्ष बनाकर यह संदेश दिया है कि कांग्रेस में कोई नेता बडा या छोटा नहीं होता, उसे शीर्ष नेतृत्व द्वारा जब भी जो भी जिम्मेदारी दी जाए उसे वो पूरी करनी है। आज हम सभी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने मुझ पर विश्वास व्यक्त किया। हम सभी को साथ लेकर उदयपुर देहात जिले में कांग्रेस को मजबूत करेंगे। और आने वाले स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा कर सफाया करेंगे।

देहात जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि ष्संगठन सृजन अभियानष् के अंतर्गत सभी की राय मशवरा कर शीर्ष नेतृत्व ने रघुवीर सिंह मीणा को उदयपुर देहात जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है और अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम सभी एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करें। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सलूंबर जिला कांग्रेस नवनियुक्त अध्यक्ष परमानंद मेहता,उदयपुर शहर जिला कांग्रेस नवनियुक्त अध्यक्ष फतह सिंह राठौड, पूर्व अध्यक्ष ख्याली लाल सुहालका, पूर्व अध्यक्ष एवं पीसीसी महासचिव लाल सिंह झाला, पीसीसी उपाध्यक्ष हीरा लाल दरांगी, पीसीसी महासचिव राज सिंह झाला, पूर्व मंत्री डॉ मांगीलाल गरासिया, बडीसादडी पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ शंकर यादव, पूर्व विधायक प्रीति शक्तावत, पूर्व मंत्री जगदीशराज श्रीमाली, पूर्व विधायक बसंती देवी मीणा,पूर्व विधायक सज्जन कटारा, पूर्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलिमा सुखाडिया,पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया,पीसीसी महासचिव पंकज शर्मा,पीसीसी सचिव दिनेश श्रीमाली सहित आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### हैड कांस्टेबल लाइन हाजिर

उदयपुर, (कासं)। जिले के नाई थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले एक वकील से मारपीट मामले में मंगलवार को उदयपुर कोर्ट में माहौल गर्मा गया। गुस्साए वकीलों ने मौका देखकर डीएसपी गोपाल चंदेल की सरकारी गाडी रोक ली। उनकी गाडी के आगे खडे होकर नारेबाजी करने लगे और मारपीट करने वाले नाई थाने के हैड कांस्टेबल पवन यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड गए।करीब एक घंटे तक वकील उनकी गाडी के सामने से नहीं हटे। डीएसपी ने तुरंत एसपी योगेश को पूरा मामला बताया। आखिर हैड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया। इसका आदेश डीएसपी ने अपने मोबाइल पर वकीलों को दिखाया। तब जाकर माहौल शांत हुआ। जिसके बाद वे अपनी गाडी में कोर्ट से बाहर रवाना हुए।उनकी गाडी के आगे खडे होकर नारेबाजी करने लगे और मारपीट करने वाले नाई थाने के हैड कांस्टेबल पवन यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड गए। इधर डीएसपी गोपाल चंदेल ने बताया की दोनों पक्षों के बीच छोटा सा इशू था जिसे आपसी बातचीत कर खत्म कर दिया गया है,दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।पीडित एडवोकेट धर्मेन्द्र धाबाई निवासी हवाला ने बताया कि 29 नवंबर की रात उनके बडे भाई के रेस्टोरेंट पर कुछ असामाजिक तत्व झगड रहे थे। भाई ने मुझे बुलाया। मैं पहुंचा तो उन्होंने हम पर पत्थबाजी कर दी। हम जान बचाकर भाग गए। मैं थाने रिपोर्ट लिखाने पहुंचा तो हैड कांस्टेबल पवन यादव ने मुझसे अपराधी की तरह बर्ताव किया और थप्पड जड दी। मुझे कहा कि तेरे खिलाफ रिपोर्ट है। धाबाई ने बताया कि मैंने भी रिपोर्ट दी लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। वरिष्ठ वकील चेतनपुरी गोस्वामी ने कहा कि हाल ही हाईकोर्ट ने भी पुलिस कर्मियों को नसीहत दी कि इन्हें इस बात की ट्रेनिंग कराई जाए कि जनता के साथ कैसा व्यवहार करना है। अगर वकीलों के साथ लगातार ऐसी घटनाएं होती रही तो आगे से कोई पुलिसकर्मी को कोर्ट परिसर में अदंर नहीं घुसने दिया जाएगा।गाजे बाजे के साथ हुआ साध्वी संघ का मंगल प्रवेश

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर मेहता ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को लेकर राज्य सरकार बेहद गंभीर और संवेदनशील है, ऐसे में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, साथ ही संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण समय समेत विभिन्न पैरामीटर्स को ध्यान में रखते हुए परिवादों का निस्तारण करें जिससे पोर्टल पर जिले की रैंकिंग अग्रणी रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधित प्रकरण भी समयबद्ध रूप से निस्तारित किये जाए, साथ ही विभिन्न विभागों के डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत हुए कार्यों की समय पर तकनीकी स्वीकृति भिजवाए ताकि वित्तीय स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जा सके। उन्होंने आगामी दिनों में वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने विभाग वार प्रगति एवं गतिविधियों का संबंधित विभागों के अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि मार्च माह से पूर्व विभागों के तय वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उन्होंने विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं की प्रगति भी जानी। इस दौरान बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौर, एडीएम शहर जितेंद्र ओझा, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### हेलमेट जागरूकता रैली निकाली

उदयपुर, (कासं)। आगामी 6 दिसम्बर को मनाए जाने वाले गृह रक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उदयपुर होमगार्ड विभाग की ओर से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई। समादेष्टा कमांडेंट प्रणय जसोरिया के निर्देशन एवं कमांडर के मार्गदर्शन में आयोजित रैली में होमगार्ड जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंगला राम के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार होमगार्ड के जवानों ने हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली और लोगों को सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा और यातायात अनुशासन का पालन कराने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में प्लाटून कमांडर मंगलाराम, सुरेन्द्र सिंह, कानि. नरेंद्र सिंह, लक्ष्मी, बाल्या सोदा, फूलशंकर, महेश, कृष्णपाल सिंह, मोहित सहित कई अन्य होमगार्ड सदस्य मौजूद रहे। प्लाटून कमांडर मंगलाराम ने बताया कि होमगार्ड देश की एक महत्वपूर्ण सुरक्षा शाखा है, जो पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, चुनाव ड्यूटी, वीआईपी सुरक्षा से लेकर आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोविड-19 महामारी से लेकर प्राकृतिक आपदाओं तक, होमगार्ड सदैव राष्ट और नागरिकों की सेवा में अग्रणी रहे हैं। इस अवसर पर कमांडेंट प्रणय जसोरिया ने कहा कि होमगार्ड सिर्फ एक वर्दी नहीं, बल्कि सेवा और अनुशासन की पहचान है। हमारा उद्देश्य समाज में सुरक्षा के साथ जागरूकता का प्रसार करना है।

### तीन दिवसीय शिविर 5 दिसंबर से

डूंगरपुर। श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर मूर्ति पूजक युवक महासंघ के तत्वावधान मे आगामी 5 दिसंबर से होने वाले तीन दिवसीय महिला शिविर को लेकर मंगलवार को साध्वी श्री दर्शरेखा श्रीजी आदि तीन साध्वियों के सानिध्य में गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। मंगलवार प्रात: सकल जैन श्वेताम्बर के सानिध्य में नेमीनाथ मंदिर से रवाना होकर आदर्श नगर लिंक रोड होते हुए जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ जिनालय पहुंचे जहां देव दर्शन किया इसके पश्चात् धर्म प्रीमियों ने साध्वीसंघ का गुरु वंदन किया। युवक महासंघ के अध्यक्ष विवेक दोषी ने बताया कि साध्वी संघ के सानिध्य में आगामी 5 दिसंबर से 7 दिसंबर तक तीन दिवसीय शिवर का आयोजन होगा,जिसमें पहले दिन मानक चौक स्थित आदिनाथ उपाश्रय, दूसरे दिन ओटा स्थित नेमीनाथ उपाश्रय तथा तीसरे दिन जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ जिनालय में प्रात: 9 से 11.3० बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान साध्वीसंघ द्वारा विभिन्न विषयों जिसमें सुख की सोनोग्राफी,साधना की सीटी स्कैन एवं पुण्य पाप का पोस्टमार्टम का आयोजन संगीत संवेदना के साथ आयोजित किया जाएगा। साध्वी श्रीजी ने धर्म प्रीमियों से कहा कि जीवन के पलों को सुखमय बनाने के लिए धर्म के साथ-साथ परोपकार की भावना के साथ व्यतीत करना चाहिए,क्योंकि मनुष्य को हमें अच्छे कर्मो के बाद मिलता है और उसकी पूर्णता इसी में निहित है। इस दौरान सकल संघ के महिला पुरुष उपस्थित थे।

### मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

बांसवाड़ा, (निसं)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो डूंगरपुर की ओर से वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पर तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का आयोजन 3 से 5 दिसंबर तक शहर के श्री गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय सभागार में किया जायेगा। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक आरएल मीणा ने बताया कि यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार की योजनाओ एवं वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष विषयों पर केंद्रित है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे, जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव, बांसवाड़ा प्रधान बलवीर रावत, पूर्व सांसद कनकमल कटारा द्वारा किया जाएगा। सहायक निदेशक मीणा ने बताया कि प्रदर्शनी में वंदे मातरम गीत, खेलो भारत नीति 2025, प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, ज्ञान भारतम् मिशन, रोजगार मेला- नौकरियां- कौशल विकास, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0, डिजिटल इंडिया, भारत की सेमीकंडक्टर क्रांति, सर्वदा शक्तिशाली भारत का संविधान, प्रधानमंत्री गति शक्ति, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 1.0 एवं 2.0, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सहकारिता, बेहतर कल का निर्माण, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आधारित पैनल लगाए जा रहे हैं।

### स्टॉलों की खुली नीलामी आज से

उदयपुर, (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा आयोजित शिल्पग्राम उत्सव - 2025 हेतु शिल्पग्राम परिसर में खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल, आईसक्रीम आदि स्टॉलों की खुली बोली द्वारा निलामी शिल्पग्राम परिसर में की जावेगी।पश्चिम क्षेत्र सांस्कतिक केन्द्र, उदयपुर केन्द्र निदेशक फुरकान खान ने बताया कि खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल की खुली निलामी दिनांक 3 दिसम्बर को, आईस्क्रीम, ज्यूस स्टॉल व गन्ने का रस, गुड, बैल चालित चरखिया तथा शिल्पग्राम चौपाल ढाबा दि. 4 दिसम्बको तथा खुरजा पोट्री, कारपेट, सहारनपुर लकड़ी फर्निचर की खुली निलामी 5 दिसंबर को शिल्पग्राम परिसर में प्रात: 11 बजे से होगी।